हरिभूमि
विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 3 सितंबर 2026
गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 केन्द्रीय विद्यालय में हुआ पौधरोपण विद्यार्थियों...



07 पुत्रों की दीर्घायु और सुख-समृद्धि के लिए माताओं ने...



खबर संक्षेप

आयोग सदस्य का शमशाबाद दौरा आज

विदिशा। मप्र राज्य अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य बारेलाल अहिरवार आज शमशाबाद क्षेत्र के भ्रमण पर रहेंगे। वे दोपहर 12.30 बजे शमशाबाद के लिए रवाना होकर ग्राम नादिया में आयोजित सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद शमशाबाद पहुंचकर थाना एवं छात्रावास का निरीक्षण करेंगे। छात्रावास में विद्यार्थियों को मिल रही सुविधाओं और व्यवस्थाओं की जानकारी लेंगे। भ्रमण के अगले चरण में ग्राम पंचायत पाली पहुंचकर संत शिरोमणि रविदास कलश पूजन कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। कार्यक्रमों के बाद वे बैरसिया के लिए रवाना होंगे।

खाटू श्याम मंदिर में कल होगा आयोजन

विदिशा। श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा वैशाली विहार कॉलोनी स्थित श्याम मंदिर खाटूधाम में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। 4 सितंबर को सुबह 7 बजे श्री श्याम बाबा का अभिषेक, नवीन वस्त्र धारण एवं भव्य श्रृंगार होगा। सुबह 9 बजे श्रृंगार आरती एवं श्रमदान के माध्यम से मंदिर परिसर की साफ-सफाई की जाएगी। रात 8 बजे संस्कृति मंत्रालय भोपाल के आयोजन में मप्र की लोकप्रिय श्याम भजन गायिका माधुरी निर्वांडे द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। मंडल अध्यक्ष घनश्याम बंसल ने श्रद्धालुओं से उपस्थित होने की अपील की है।

औद्योगिक विभाग की भूमि का राजस्व अमले ने कराया सीमांकन

विदिशा। जिले में शासकीय भूमि के सीमांकन और अभिलेखों के अनुसार उसकी स्थिति स्पष्ट करने की कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में ग्राम धनोरा हवेली में औद्योगिक विभाग के स्वामित्व वाली भूमि का राजस्व अधिकारियों की मौजूदगी में विधिवत सीमांकन कराया गया। कार्रवाई के दौरान उपलब्ध राजस्व अभिलेखों, नक्शों और मौके की भौतिक स्थिति का मिलान किया गया। इसके बाद निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार भूमि की सीमाओं का चिन्हांकन किया गया। अधिकारियों ने मौके पर भूमि का निरीक्षण कर सीमांकन से संबंधित आवश्यक जानकारी भी दर्ज की।

रास्ता विवाद को लेकर काछीखेड़ा पहुंचा राजस्व अमला, मौके पर जांच

विदिशा। लटेरी तहसील के ग्राम काछीखेड़ा में रास्ते को लेकर चल रहे विवाद के संबंध में राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। अधिकारियों ने संबंधित स्थल का निरीक्षण कर रास्ते की वास्तविक स्थिति, सीमाओं और आवागमन से जुड़े तथ्यों की जानकारी ली। इस दौरान दोनों पक्षों से चर्चा कर विवाद की स्थिति समझी गई। राजस्व अभिलेखों और मौके की स्थिति का भी परीक्षण किया गया। अधिकारियों ने उपलब्ध दस्तावेजों और तथ्यों के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई का भरोसा दिया। जांच पूरी होने के बाद प्रकरण में कार्रवाई की जाएगी।

राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ, होंगे कार्यक्रम

विदिशा। गर्ल्स कॉलेज में 1 से 30 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है। प्रथम दिवस छात्राओं के लिए पोषण जागरूकता आधारित क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। माहभर छात्राओं के स्वास्थ्य एवं पोषण को लेकर विभिन्न गतिविधियां होंगी। इनमें बीएमआई शिविर, हीमोग्लोबिन परीक्षण और मल्टीविटामिन गोलियों का वितरण शामिल है। 'सुपोषित और समृद्ध भारत का निर्माण' विषय पर पोस्टर, स्लोगन एवं निबंध प्रतियोगिताएं भी होंगी। महिला चिकित्सक और विषय विशेषज्ञ व्याख्यान देंगे। पोषण माह के समापन पर पोषण मेले का आयोजन प्रस्तावित है।

मेहलुआ-कुरवाई-बीना-खिमलासा-मालथौन फोरलेन को मिली मंजूरी

67.11 किमी सड़क पर खर्च होंगे 2776.83 करोड़, कुरवाई समेत कई क्षेत्र कनेक्ट होंगे

4 बड़े पुल, 29 छोटे पुल, 3 रेलवे ओवरब्रिज, 2 फ्लाईओवर और 9 व्हीकल अंडरपास बनाए जाएंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरवाई

कुरवाई विधानसभा क्षेत्र के लिए लंबे समय से चली आ रही फोरलेन सड़क की मांग अब पूरी होने जा रही है।

मप्र सरकार ने मेहलुआ चौ रा हा - कु र वा ई - बी ना - खिमलासा-मालथौन मार्ग को चार लेन बनाने की प्रशासकीय स्वीकृति दे दी है। 67.116 किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर कुल 2776.83 करोड़ रुपए खर्च होंगे। सड़क का निर्माण चार लेन के साथ पेव्ड शोल्डर सहित हाईब्रिड एन्यूटी मॉडल पर किया जाएगा।



फाइल फोटो

कुरवाई। कुरवाई विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपए की लागत से कुछ इस तरह का बनाया जाएगा फोरलेन मार्ग।

भू-अर्जन के लिए 428.94 करोड़ की राशि: परियोजना में निर्माण पूर्व कार्यों, जिसमें भू-अर्जन सहित अन्य कार्य शामिल हैं। इसके लिए 428.94 करोड़ रुपए तथा सुपरविजन चार्ज के लिए 65.77 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। परियोजना की निर्माण लागत 1151 करोड़ रुपए बताई गई है। सड़क के निर्माण से क्षेत्र के विकास और आवागमन को नई गति मिलने की उम्मीद है। विधायक हरिसिंह सप्रे ने इस मंजूरी के लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद लता वानखेड़े सहित केंद्र और राज्य सरकार का आभार जताया है। सड़क की मंजूरी पर क्षेत्र के नागरिकों और व्यापारियों ने भी खुशी जताई है।

क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह सप्रे के प्रयासों से इस परियोजना को मंजूरी मिलने की बात कही गई है। कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे ने जनवरी में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के विदिशा दौरे के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के समक्ष भी इस मांग को प्रमुखता से रखा गया था।

4 शहरों को मिलेगा जाम से राहत

वर्तमान में यह मार्ग मुख्य रूप से दो लेन का है और इस पर यातायात का दबाव करीब 14,429 पीसीयू तक पहुंच गया है। परियोजना में कुरवाई, लायरा, बीना और खिमलासा के बायपास बनाए जाएंगे। इन चार बायपास की कुल लंबाई करीब 19.07 किलोमीटर होगी। इससे शहरों के अंदर भारी वाहनों का दबाव कम होगा।

उद्योग व रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

बीना क्षेत्र में बीपीसीएल रिफाइनरी, थर्मल पावर प्लांट, रेलवे यार्ड और अन्य बड़े उद्योग हैं। इनके कारण इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है। फोरलेन बनने के बाद माल परिवहन को गति मिलेगी। यह मार्ग मेहलुआ में एनएच-346 से शुरू होकर बीना में एनएच-934 को पार करते हुए मालथौन में एनएच-44 से जुड़ेगा। इससे विदिशा, सिरोंज, बीना, खुरई और शमशाबाद विधानसभा क्षेत्रों ग्रामीण को बेहतर सड़क संपर्क मिलेगा।

हम डीजे पर प्रतिबंध नहीं सिर्फ आवाज पर नियंत्रण कराना चाहते हैं: राजेश जैन

व्यापार महासंघ ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन, बच्चों, बुजुर्गों, मरीजों व व्यापारियों की परेशानी का हवाला



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शहर में धार्मिक कार्यक्रमों, जुलूसों, यात्राओं और शादी-विवाह समारोहों में तेज आवाज में बजाए जा रहे डीजे को लेकर विदिशा व्यापार महासंघ ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

व्यापार महासंघ अध्यक्ष राजेश जैन के नेतृत्व में व्यापारियों ने बुधवार को कलेक्टर अंशुल गुप्ता के नाम ज्ञापन दिया। उन्होंने कहा कि हम डीजे पर प्रतिबंध नहीं सिर्फ आवाज कम कराना चाहते हैं। आवाज इतनी होना चाहिए जिससे किसी को परेशानी न हो। तेज आवाज से बच्चे, बुजुर्ग, मरीज, महिलाएं, व्यापारी और विद्यार्थी इससे प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सड़कों पर डीजे बजने के दौरान तेज साउंड से दुकानों में रखा सामान भी कंपन करने लगता है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी प्रशासन को ज्ञापन दिया गया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। यदि इस बार प्रशासन ने एक्शन नहीं लिया तो व्यापारी प्रदर्शन के लिए विवश होंगे। इस दौरान व्यापार महासंघ अध्यक्ष महामंत्री नरेन्द्र सोनी, पूर्व अध्यक्ष सुरेश मोतियानी, सुरेंद्र पाल चावला, राधेश्याम माहेश्वरी, शैलेंद्र सोनी, आशीष मोदी बाबा, राजीव पीतलिया, रोहित अग्रवाल, संजय चौधरी, निरुपम सिंह परमार, विश्वनाथ अग्रवाल, हेमंत सिरभैया, रामशरण ताम्रकार, अंकित मनीधर, हरीश अरोरा, जमील अहमद आदि मौजूद रहे।

हाईवे पर भीषण सड़क हादसा बाइक सवार युवक की मौत

ग्यारसपुर। ग्यारसपुर थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-146 पर बुधवार सुबह करीब 11 बजे एचपी पेट्रोल पंप के सामने पिकअप वाहन और बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। राममोहन राय (35 वर्ष), पिता नारायण राय निवासी गुलाबगंज किसी काम से गुलाबगंज से सागर की ओर जा रहा था। पिकअप सागर से विदिशा की ओर जा रही थी। इसी दौरान हाईवे पर पिकअप वाहन की चपेट में आने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर 1033 एंबुलेंस की मदद से घायल राममोहन राय को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ग्यारसपुर पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही 112 पुलिस वाहन मौके पर पहुंचा और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी भूपेंद्र सिंह अहिरवार ने बताया कि दुर्घटना में शामिल पिकअप वाहन को पुलिस ने जब्त कर लिया है तथा वाहन चालक को हिरासत में लिया गया है। मृतक के पास कैश रुपए भी मिले जो परिजनों को लौटा दिए। मामले में मोटर व्हीकल एक्ट सहित संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है।



बड़बाले घाट पर हुई 125वीं महागंगा आरती

विदिशा। बडबाला घाट स्थित मां वैत्रवती पुरम में मां वैत्रवती गंगा मंगल आरती सेवा समिति के तत्वावधान में मंगलवार को 125वीं महागंगा आरती हुई। गोधूलि वेला में शाम 6:30 बजे आयोजित आरती में बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। समिति के संयोजक पं. मनीष चतुर्वेदी ने बताया कि मां वैत्रवती गंगा को स्वच्छ, सुंदर और बारहमासी सदानीरा बनाने के उद्देश्य से समिति पिछले 17 वर्षों से जनजागरण कर रही है। नित्य गंगा आरती के 6251 दिन पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हर 50 दिन बाद महागंगा आरती आयोजित की जाती है। आयोजन में भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अनुज मित्तल, शिवेंद्र सिंह गजार, भरत रागी, सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष रामराज किशोर सिंह दांगी, व्यापार महासंघ संयुक्त मंत्री पं. विवेक शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे। 126वीं महागंगा आरती 21 अक्टूबर को आयोजित होगी।

सेवानिवृत्त डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन ने सात मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

महंगाई राहत, कैशलेस स्वास्थ्य बीमा, चौथा समयमान वेतनमान और बकाया एरियर्स के भुगतान की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सेवानिवृत्त डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बुधवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर पेंशनरों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों से जुड़ी सात लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं मुख्य सचिव के नाम डिप्टी कलेक्टर नितिन जैन को ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन ने सरकार से मांगों पर शीघ्र निर्णय लेते हुए आवश्यक आदेश जारी करने की अपील की।

ज्ञापन में मध्यप्रदेश के पेंशनरों को केंद्र सरकार के समान 1 जनवरी 2026 से 2 प्रतिशत महंगाई राहत देने की मांग प्रमुख रूप से रखी गई। इसके अलावा पेंशनरों के लिए 20 लाख रुपए तक की कैशलेस स्वास्थ्य बीमा सुविधा लागू करने की मांग की गई, ताकि उम्रदराज पेंशनरों को उपचार के दौरान आर्थिक परेशानी का सामना न करना पड़े। ज्ञापन में 30 जून एवं 31 दिसंबर की काल्पनिक वेतन वृद्धि से संबंधित न्यायालयीन मामलों में रुकी मंजूरी जारी करने तथा पेंशन पुनर्निर्धारण के बाद ग्रेच्युटी और अवकाश नकदीकरण की शेष राशि का भुगतान करने की मांग भी शामिल रही। इसके साथ ही छठे वेतन आयोग के 32 माह और सातवें वेतन आयोग के 27 माह के बकाया एरियर्स का भुगतान शीघ्र करने की मांग की गई। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि ये मामले लंबे समय से लंबित हैं। सरकार को पेंशनरों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द निर्णय और आदेश जारी करना चाहिए।



डिप्लोमाधारी उपयंत्रियों ने चौथा समयमान मांगा

एसोसिएशन ने 35 वर्ष की शासकीय सेवा पूरी करने वाले डिप्लोमाधारी उपयंत्रियों को चौथा समयमान वेतनमान देने की मांग की। पदाधिकारियों का कहना है कि वर्तमान में इसका लाभ डिग्रीधारी उपयंत्रियों को मिल रहा है, जबकि समान अवधि की सेवा पूरी करने वाले डिप्लोमाधारी कर्मचारी इससे वंचित हैं। वर्ष 2016 के बाद पदोन्नति पर रोक के कारण बिना पदोन्नति सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को भी 35 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर चौथे समयमान का लाभ देने की मांग की गई।

प्रशासन और पुलिस ने जेलों का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

प्रशासन और पुलिस ने जिला जेल विदिशा सहित उप जेल गंजबासौदा एवं लटेरी में संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण और सघन तलाशी अभियान चलाया।

अधिकारियों ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था, बैरकों, साफ-सफाई, भोजन, बंदियों के रिकॉर्ड, प्रवेश-निकास तथा सीसीटीवी निगरानी का जायजा लिया। बैरकों में रखे सामान और बिस्तरों की रैंडम चेकिंग की गई। तलाशी के दौरान नशीले पदार्थ, धूम्रपान सामग्री, हथियार, मोबाइल फोन अथवा अन्य प्रतिबंधित वस्तु नहीं मिली। मुख्य प्रवेश द्वार के रजिस्टर तथा बंदियों से मिलने आने वाले परिजनों के रिकॉर्ड की भी जांच की गई। जिला जेल की बैरकों, पाकशाला और परिसर के अन्य हिस्सों की भी सघन तलाशी ली गई। अधिकारियों ने जेल प्रबंधन को सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी मजबूत रखने के निर्देश दिए। प्रशासन ने बताया कि प्रतिबंधित सामग्री की रोकथाम के लिए ऐसे औचक निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे।



विदिशा। जेल का निरीक्षण करते हुए पुलिस अधिकारियों की टीम।

संस्कृत गौरव दिवस समारोह का शुभारंभ संस्कृत में विज्ञान पर विद्वानों ने रखे शोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मप्र कालिदास संस्कृत अकादमी, उज्जैन द्वारा आयोजित दो दिवसीय संस्कृत गौरव दिवस समारोह का शुभारंभ बुधवार को एसएटीआई में हुआ। 2 एवं 3 सितंबर को आयोजित समारोह में 'संस्कृत में विज्ञान' विषय पर शोध-पत्र वाचन एवं विद्वानों के व्याख्यान हो रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता पद्मश्री पुरातत्ववेत्ता नारायण व्यास ने की। उन्होंने महाकवि कालिदास के 'मेघदूत' में विदिशा एवं दशार्ण प्रदेश के वर्णन की ऐतिहासिक एवं भौगोलिक महत्ता पर भी प्रकाश डाला।

विशिष्ट अतिथि राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल के कुलपति प्रो. आलोक शर्मा ने संस्कृत की वैज्ञानिक एवं ज्ञानपरक परंपरा पर विचार रखे। प्रथम सत्र की अध्यक्षता डॉ. हरिराम रैदास ने की। सुजाता, डॉ. श्याम सिंह, डीआर परमानंद मिश्रा, आचार्य शिवकुमार तिवारी, डॉ. रघुवीर गोस्वामी, गोविंद देवलिया एवं डॉ. राजेश जैन सहित विद्वानों ने शोध-पत्र प्रस्तुत किए। समारोह के दूसरे दिन भी शोध-पत्र वाचन एवं व्याख्यान होंगे।

महाराणा प्रताप राजपूत विकास समिति के अध्यक्ष बने गोविंद सिंह राजपूत

विदिशा। महाराणा प्रताप राजपूत ट्रस्ट की महत्वपूर्ण बैठक महाराणा प्रताप राजपूत मांगलिक भवन में आयोजित हुई। बैठक में समाज की एकता, विकास और संगठन को मजबूत करने सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान महाराणा प्रताप राजपूत विकास समिति के अध्यक्ष पद पर गोविंद सिंह राजपूत का सर्वसम्मति से चयन किया गया। ट्रस्ट पदाधिकारियों एवं समाज के वरिष्ठजनों ने पुष्पमाला पहनाकर उनका स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं। बैठक में ट्रस्ट अध्यक्ष प्रदीप सिंह चंदेल, दशरथ सिंह राठौर, महेंद्र सिंह बैस, प्रवीण सिंह परमार, विक्रम सिंह, जितेंद्र सिंह ठार, राजाराम, शिवप्रताप सिंह, अनुरोध प्रताप सिंह, सुरेंद्र सिंह सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे। जगदीप सिंह मसूदपुर, राजेंद्र सिंह बीलखेड़ी और गणपत सिंह पिथौली भी मौजूद रहे। गोविंद सिंह राजपूत ने जिम्मेदारी के लिए आभार जताते हुए समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।



बातचीत से सुलझे रिश्तों के उलझे सवाल, पुलिस पंचायत में 4 प्रकरणों की सुनवाई

बुजुर्गों की समस्याओं की सुनवाई: कहीं पोतों ने मांगी माफी तो कहीं जमीन के विवाद ने लिया कानूनी मोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

परिवार में बिगड़े रिश्तों को हर बार कानून की चौखट तक ले जाना जरूरी नहीं होता, कभी-कभी संवेदनशील बातचीत भी रास्ता निकाल देती है।

विदिशा में आयोजित सीनियर सिटिजन पुलिस पंचायत की बैठक में ऐसा ही देखने को मिला। वरिष्ठ नागरिकों से जुड़े चार प्रकरणों की सुनवाई करते हुए पुलिस ने संवाद, समझाइश और आपसी सहमति के जरिए विवादों के समाधान का प्रयास किया। एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी के मार्गदर्शन में हुई बैठक में कोर कमेटी सदस्य डॉ. सचिन गर्ग मौजूद रहे। एक मामले में वरिष्ठ महिला ने शिकायत की कि उनके स्वर्गीय पुत्र के दोनों बेटे उनके साथ गाली-गलौज करते हैं और घर से निकालने की धमकी देते हैं। पंचायत ने दोनों पक्षों को धैर्यपूर्वक सुना और समझाइश के बाद विवाद का समाधान कराया। सुनवाई के बाद महिला ने अपने दोनों पोतों के साथ प्रसन्नता जताते हुए कार्रवाई पर संतोष व्यक्त किया।

वहीं दूसरे मामले में बुजुर्ग ने आरोप लगाया कि उनका पुत्र उनकी भूमि को अन्य लोगों के पास गिरवी रखकर राशि प्राप्त कर रहा है और उन्हें लगातार परेशान कर रहा है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद प्रकरण को आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के लिए थाना कोतवाली भेजा गया। अन्य मामलों में दस्तावेज और संबंधित पक्षों व साक्षियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए आगामी तिथियां तय की गईं। पुलिस पंचायत ने स्पष्ट किया कि जहां संवाद से समाधान संभव है, वहां समझाइश को प्राथमिकता दी जाएगी, जबकि गंभीर मामलों में कानूनी कार्रवाई भी सुनिश्चित होगी।



विदिशा। पुलिस पंचायत के दौरान सुनवाई करते हुए एएसपी मोनिका तिवारी।

बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-4550
उच्चतम भाव-6200
सरसों
न्यूनतम भाव-6600
उच्चतम भाव-7550
चना
न्यूनतम भाव-4450
उच्चतम भाव-6180
मसूर
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-9401
शरबती
न्यूनतम भाव-3505
उच्चतम भाव-4105
गेंहू
न्यूनतम भाव-2560
उच्चतम भाव-3220
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2579
उच्चतम भाव-2579
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2300
उच्चतम भाव-2300
मटर
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-2900
मूंग
न्यूनतम भाव-1600
उच्चतम भाव-6900
धान
न्यूनतम भाव-2810
उच्चतम भाव-3800
धनिया
न्यूनतम भाव-13000
उच्चतम भाव-13710
तुअर
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-5000
उड़द
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-4800
जौ
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-2000

कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में बुधवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 4351 बोरे उपज की आवक दर्ज की गई।

खबर संक्षेप

बलराम एवं स्वरुपानंद जयंती मनाई गई

गंजबासौदा। बुधवार को शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वावधान में बलराम जयंती एवं संत स्वामी स्वरूपानंद शंकराचार्य की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर स्वर्गीय नारायण सदा शिव पिंगले सेवा संस्थान के सुनील बाबू ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके सिद्धांत एवं आचरण से शिक्षा लेने की जरूरत पर जोर दिया। कार्यक्रम में पंडित देवेंद्र दुबे, उत्तम सोनी, वाचनालय प्रभारी कुलदीप राजपूत, मोहन सैनी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। प्रभाकर नामदेव, कैलाश नेमा, मोहन सैनी, आदित्य ताम्रकार, टीपू सोलंकी, हर्ष सैन, विकास पचौरी सहित अनेक पाठकगण उपस्थित थे।

फूलैं कांस सकल महि छाई.....




गंजबासौदा। फूलै कांस सकल महि छाई , जनु बरसा कृत प्रकट बुढाई, यह पंक्तियां गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित श्रीराम चरित मानस की हैं। गोस्वामी तुलसीदास ने इस चौपाई के माध्यम से बताया कि जब बरसात के मौसम में जगह जगह कांस में सफेद फूल आने लगें तो इसे प्रकृति का संकेत माना जाए कि अब बरसा ऋतु की विदाई का समय आ गया है और शरद ऋतु का आगमन होने वाला है। इलाके में भी इन दिनों खेतों की मेडों, नदी, तालाबों के किनारों पर और खाली पडी भूमि पर लगे कांस में सफेद फूल आ गए हैं और कांस इस तरह फूल रहा है कि लगता है धरती ने सफेद चादर ओढ ली हो।

शासकीय गौशालाओं सहित पांच अशासकीय गौशालाओं को भी मिली राशि

क्षेत्र की 23 गौशालाओं को मिले 5 करोड़, 51 लाख, 59 हजार रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



बासौदा विकासखंड में निराश्रित और बेसहारा गौवंश के भरण-पोषण व बेहतर देखभाल के लिए मार्च 2026 तक 23 शासकीय-अशासकीय गौशालाओं को कुल 5 करोड़ 51 लाख 59 हजार 108 रुपये की राशि जारी की गई है। राशि जारी करने का मुख्य उद्देश्य निराश्रित और बेसहारा गौवंश के भरण-पोषण तथा बेहतर देखभाल को सुनिश्चित करना है तथा गौवंश को चारा, भूसा और दाना उपलब्ध कराना, ताकि गौवंश को पर्याप्त आहार मिल सके। पानी, शेड और अन्य बुनियादी सुविधाओं का रखरखाव करना भी इसका मुख्यतम उद्देश्य है। गौ संवर्धन बोर्ड द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार बासौदा विकासखंड की 23 ग्राम पंचायत की 23 गौशालाओं को यह राशि जारी की गई है जिसमें 18 शासकीय गौशाला और पांच अशासकीय गौशाला शामिल हैं। जिन 18 शासकीय गौशालाओं को राशि जारी हुई है। उसकी ग्राम पंचायत वार जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत खामखेड़ा की श्रीबाकी बांके बिहारी गौशाला को 1645480 रुपये, ग्राम पंचायत पुरवाई चक्क की श्री शिव नंदनी गौशाला को 2042890 रुपये, ग्राम पंचायत पिपराहा की श्री केशव वाटिका गौशाला को 1305170 रुपये, ग्राम पंचायत करौंदा कला की श्रीकृष्ण गौशाला को 2139100 रुपए, ग्राम पंचायत पड़रिया की मां दुर्गे खेड़ीधाम गौशाला को 1908530 रुपये, ग्राम पंचायत पबई की श्री बांके बिहारी गौशाला को 909550 रुपये, ग्राम पंचायत मासेर की हरिहर गौशाला को 2885500, ग्राम पंचायत पचपीपरा की ग्राम पंचायत गौशाला को 1966880 रुपए, ग्राम पंचायत गामाखर की ग्राम पंचायत गौशाला को 3765188 रुपये, ग्राम पंचायत बरेठ की माता मंदिर गौशाला को 2766480 रुपये, ग्राम पंचायत डिंडोली की श्री सांवरिया सेठ गौशाला को 2305160 रुपए, ग्राम पंचायत मूडरा की श्री रघुवीर कृष्ण गौशाला को 3519040 रुपये, ग्राम पंचायत नेगमा पिपरिया की श्री गोकुलधाम गौशाला को 2478040 रुपये, ग्राम पंचायत रसूलपुर की श्री राधा रानी गौशाला को 2782400 रुपये, ग्राम पंचायत महागौर की श्री राधा रानी गौशाला को 1758040 रुपये, ग्राम पंचायत बरोद की श्री कृष्ण मदन गौशाला को 2238460 रुपए, ग्राम पंचायत मोरोदा की श्री भैरवनाथ गौशाला को 2947240 रुपये और ग्राम पंचायत चोरावर की गौशाला समिति को 168000 रुपये की राशि जारी हुई है।

इसी प्रकार पांच अशासकीय गौशालाओं को भी राशि जारी हुई है जिनमें ग्राम पंचायत बासौदा की दयोदय पशु सेवा केंद्र को 6080400 रुपये, ग्राम पंचायत जीवाजीपुर की रामानंद विश्वहितकारिणी गौशाला को 2097160 रुपये, ग्राम पंचायत मुरादपुर की श्री गोपाल कृष्ण गौशाला को 4835640, ग्राम पंचायत नेवली की आचार्य श्री विद्यासागर गौशाला को 2095840 रुपए और बासौदा की श्री जगन्नाथ दास नौलखी गौशाला को 518920 रुपये की राशि जारी हुई है।

केन्द्रीय विद्यालय में हुआ पौधरोपण विद्यार्थियों ने लिया संरक्षण का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

सहकारी संस्था द्वारा एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान के अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला प्रशासन एवं विद्यालय के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम अनुभा जैन उपस्थित रहीं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक वर्मा, विद्यालय की प्राचार्य सुमन सिंह सहित कुमार मनेन्द्र, अजय सिंह, सरिता रघुवंशी, सरिता जैन एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विद्यालय परिसर में नीम सहित अन्य पौधों का रोपण किया। विद्यार्थियों को हरित एवं स्वच्छ पर्यावरण के निर्माण, वृक्षों के संरक्षण तथा पर्यावरण संतुलन में पेड़ों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। अतिथियों ने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण को हरा-भरा बनाने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि स्वच्छ वायु, जल संरक्षण, जैव विविधता एवं स्वस्थ जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इस दौरान विद्यार्थियों ने भी पूरे उत्साह के साथ पौधरोपण कर पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढाना एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करना तथा समाज में हरित आवरण बढ़ाने के लिए जनभागीदारी को प्रोत्साहित करना रहा।

भावसार समाज का कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

गत दिवस बरेठ रोड स्थित दादूजी प्लाजा में क्षत्रिय भावसार समाज की ओर से कजलियां मिलन एवं वार्षिक प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच समाज की प्रतिभाओं, दानदाताओं और पूर्व अध्यक्षों का सम्मान किया गया। समारोह में नन्हे बालक-बालिकाओं से लेकर युवा-युवतियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन समाज की बालिकाओं ने किया। प्रस्तुतियों के बाद प्रतिभागियों को अतिथियों ने सम्मानित किया। समारोह में वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्यनारायण भावसार, उज्जैन से आए भावसार समाज धर्मशाला सार्वजनिक न्यास के अध्यक्ष दिनेश भावसार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। दोनों अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। बोर्ड परीक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों, मां हिंगलाज अखाड़े के सदस्यों तथा डॉक्टर, इंजीनियर और सीए सहित विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। राजनीतिक, सामाजिक और प्रशासनिक क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए भावसार गौरव सम्मान दिया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता रोहित भावसार को भी सम्मानित किया गया। समारोह का खास आकर्षण समाज की महिलाओं का युद्ध कौशल प्रदर्शन रहा। महिलाओं ने लाठी, तलवार और ढाल चलाकर कला का प्रदर्शन किया। इस प्रस्तुति ने समारोह में उत्साह भर दिया। महिलाओं के आत्मविश्वास और परंपरागत शौर्य के प्रदर्शन को दर्शकों ने खूब सराहा। इस अवसर पर बडी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

महिलाओं ने रखा हल छठ पर उपवास, संतान की सुख-समृद्धि की कामना की

गंज बासौदा। बुधवार को नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में हल छठ का पर्व महिलाओं द्वारा श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने अपनी संतान की सुख-समृद्धि, दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना को लेकर निर्जला अथवा फलाहार उपवास रखा। इस अवसर पर महिलाओं ने सुबह से ही पूजा-अर्चना की तैयारियां शुरू कर दी थीं। घरों की साफ-सफाई कर पूजा स्थल को सजाया गया तथा पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार हल छठ माता की पूजा की गई। महिलाओं ने विभिन्न प्रकार की पूजन सामग्री अर्पित कर माता से अपने बच्चों की खुशहाली एवं परिवार की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। स्थानीय परंपरा के अनुसार महिलाओं ने एक स्थान पर एकत्रित होकर पूजा-अर्चना की और हल छठ से जुड़ी धार्मिक कथाएं सुनीं। साथ पूजा के दौरान संतान के कल्याण की कामना के साथ विशेष रूप से माता की आराधना की गई। इस अवसर भैंस के दूध और उसके दही का ही पूजन में उपयोग किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी महिलाओं ने अपने-अपने घरों एवं पूजा स्थलों पर पारंपरिक विधि-विधान से पर्व मनाया। पर्व को लेकर नगर और ग्रामीण अंचलों में सुबह से ही धार्मिक वातावरण बना रहा। कई स्थानों पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा कर एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं। शाम को पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होने के बाद महिलाओं ने परंपरा के अनुसार अपना उपवास खोला।



प्रेस क्लब गंजबासौदा पहुंचा शोक संतप्त परिवारों के बीच, भुजरियां लेकर प्रकट की शोक संवेदनाएं

गंजबासौदा। गत दिवस प्रेस क्लब गंजबासौदा के सदस्यों ने भुजरिया मिलन समारोह का आयोजन किया था। जिसके बाद क्लब सदस्य ऐसे पत्रकार साथियों के घर भी पहुंचे, जिनमें पिछले दिनों किसी परिजन का देहावसान हुआ है। ऐसे अनरय वाले घरों में पहुंचकर प्रेस क्लब सदस्यों ने परिजनों से भुजरियों का आदान प्रदान किया और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि देते हुए शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं। साथ ही परिजनों को हर संभव सहयोग का भी भरोसा दिलाया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकारों सहित बडी संख्या में पत्रकार साथी मौजूद रहे।



उत्साह से मनाया जाएगा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव



गंजबासौदा। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समिति के तत्वावधान में भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि इस दौरान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व एवं विश्व हिन्दू परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर शुक्रवार को भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति द्वारा विशाल चल समारोह का आयोजन किया जा रहा है। चल समारोह सुबह 11 बजे से रामजानकी मंदिर गाँधी चौक से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों से होते हुए स्टेशन स्थित हनुमान मंदिर पहुंचेगा। जहां उसका समापन होगा। समिति सदस्यों एवं आयोजकों ने धर्मप्रेमी बंधुओं एवं गणमान्य नागरिको से भगवान श्री कृष्ण के चल समारोह में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

चार दिन के बाद इलाके में बदला मौसम, मिली राहत

रह रहकर दिन भर होती रही बारिश



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

पिछले चार दिनों से इलाके में बारिश का दौर थमा था। लेकिन बुधवार से मौसम ने एक बार फिर अपने तेवर बदल लिए हैं और इलाके में फिर से रह रहकर दिन भर अच्छी बारिश हुई। सुबह से नगर में हल्की बूंदाबांदी का दौर शुरु हुआ जो रुक रुक कर चलता रहा। दोपहर बाद नगर सहित आसपास के क्षेत्र में बारिश का दौर शुरू हो गया, जो शाम तक जारी है। उधर इस बारिश से किसानों को काफी राहत मिल रही है। इलाके के किसान इन दिनों सोयाबीन, उडद में कीट व्याधियों से खासे चिंतित हो रहे थे। किसानों का कहना है कि इस वर्ष रह रहकर हो रही बारिश से फसलों की ग्रोथ काफी अच्छी हुई है , लेकिन इल्लियों का प्रकोप भी बढ गया है। किसानों द्वारा दो दो बार कीटनाशकों का छिडकाव करने के बाद भी इल्लियों का प्रकोप कम नहीं हो रहा है। जिससे किसानों को आर्थिक एवं मानसिक परेशानी का सामना करना पड रहा है। साथ ही फसलों की उपज को लेकर भी चिंता सता रही है। किसानों को उम्मीद है कि बारिश से फसलों में कीट व्याधि का प्रकोप थम सकेगा और उनकी फसल सुरक्षित रहेंगी। उधर अच्छी बारिश से तापमान में भी गिरावट आ गई है। जिससे लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से भी राहत मिलने की उम्मीद बढ गई है। यहां उल्लेखनीय है कि मौसम में बार बार बदलाव से लोग मौसमी बीमारियों, सर्दी जुकाम से पीडित हो रहे थे। अब बारिश शुरू होने से उन्हें राहत की उम्मीद है। इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों ने अब आगामी दिनों में भी अच्छी बारिश के संकेत दिए हैं। वेबसाइटों ने आगामी 8 सितंबर तक इलाके में अच्छी बारिश के पूर्वानुमान व्यक्त किए हैं। यदि ये पूर्वानुमान सटीक निकलते हैं तो फसलों को काफी लाभ होगा।

रेलवे स्टेशन पर सेवानिवृत्ति समारोह संपन्न



गंजबासौदा। रेलवे स्टेशन पर इलेक्ट्रिक टैक्नीशियन गोविंद सिंह चिढार की सेवानिवृत्ति पर उन्हें समारोह पूर्वक विदाई दी गई।

ऑल इंडिया रिटायर्ड रेलमेंस फेडरेशन के तत्वावधान में आयोजित इस समारोह में गोविंद सिंह की 36 वर्ष की रेल सेवाओं को याद किया गया और उनकी कार्य कुशलता की सराहना की गई। फेडरेशन के सदस्यों ने गोविंद सिंह को पुष्पहार पहनाकर एवं शॉल श्रीफल एवं अंगवस्त्र भेंटकर उनका सम्मान किया और आगामी सुखमय भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। फेडरेशन के अध्यक्ष राकेश भारद्वाज द्वारा ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद सब समान हो जाते हैं। जीवन के इ पढाव में न शरीर का महत्व है न पैसे का महत्व रहता है। केवल आपके अच्छे साथी काम आते हैं। इसलिए सेवा निवृत्ति के बाद हमे संगठित होकर मिल जुल कर हंसी खुशी रहना चाहिए। संगठन के सचिव के एस पाल द्वारा कहा गया कि सेवा निवृत्ति के बाद जिस किसी भाई को किसी प्रकार की समस्या प्रशासन से है तो वह फेडरेशन से सम्पर्क कर सकते हैं और हर माह की पहली तारीख को संगठन की बैठक मे शामिल होकर मजदूर एकता का परिचय दें। रेलवे स्टेशन की विद्युत शाखा प्रभारी संतोष उपाध्याय का जन्म दिन भी इस समारोह मे मनाया गया। संतोष उपाध्याय ने गोविंद सिंह की कार्य प्रणाली की सराहना की। संगठन के कोसाध्यक्ष सुरेस सैनी द्वारा स्वस्ति वाचन मंत्र और गायत्री मंत्र का उचरण कर गोविंद सिंह के उज्जवल भविष्य की कामना की। उक्त समारोह मे नंदकिशोर रैकवार, मोहन रजक, रामचरण कुशवाह, देवेन्द्र राजपूत आदि बहुत से पदाधिकारी, रेलकर्मी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

विदाई समारोह का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

त्योंदा क्षेत्र के ग्राम खामखेड़ा हाईस्कूल में सेवानिवृत्त प्राचार्य को विदाई दी गई और नवागत प्राचार्य का स्वागत किया गया। प्राचार्य लखमीचंद साहू के सेवानिवृत्त होने पर नवनियुक्त प्राचार्य इंदर सिंह लोधी ने पदभार संभाला है। ग्रामीणों, शिक्षकों ने साहू के कार्यकाल को याद करते हुए शिक्षा के लिए उनके योगदान की सराहना की। ग्रामीणों ने बताया कि साहू ने स्कूल परिसर को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए लंबे समय तक प्रयास किए। इसमें सफलता मिली। वित्तीय संसाधन नहीं होने से स्कूल की बाउंड्रीवॉल अब तक नहीं बन सकी। ग्रामीणों ने नवनियुक्त प्राचार्य लोधी से अधूरा काम पूरा कराने में सहयोग करने की मांग की। मुख्य अतिथि त्योंदा स्कूल के प्राचार्य अभय शर्मा रहे। योगेश चतुर्वेदी, मदनलाल कुर्मी, लक्ष्मीनारायण शर्मा ने भी साहू के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि स्कूल के विकास कार्य लंबे समय तक याद रहेंगे। ग्रामीणों ने साहू को साफा बांधकर सम्मान किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

पुत्रों की दीर्घायु और सुख-समृद्धि के लिए माताओं ने रखा हलछठ व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर में बुधवार को हलछठ (हलषष्ठी) का पर्व श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। पुत्रों की दीर्घायु, सुख-समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना को लेकर माताओं ने दिनभर व्रत रखा तथा विधि-विधान के साथ भगवान शिव-पार्वती, भगवान गणेश एवं स्वामी कार्तिकेय की पूजा-अर्चना की। सुबह से ही नगर के विभिन्न मोहल्लों में महिलाएं हलछठ व्रत की तैयारियों में जुटी नजर आईं। कई स्थानों पर महिलाओं ने समूह बनाकर सामूहिक रूप से पूजन किया और एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं। हलषष्ठी व्रत के अवसर पर महिलाओं ने सुबह स्नान के बाद उत्तराभिमुख होकर हलषष्ठी व्रत धारण करने का संकल्प लिया। इसके बाद दोपहर के समय घर-आंगन में पलाश, कांस और कुश की व्यवस्था कर उसके नीचे भगवान शिव-पार्वती, स्वामी कार्तिकेय तथा भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाएं स्थापित की गईं। महिलाओं ने धूप, दीप, पुष्प सहित विभिन्न पूजन सामग्रियों से श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना की।

विधि-विधान से की हलषष्ठी की पूजा-अर्चना, महुआ और पसई चावल का किया सेवन

महिलाओं ने बताया कि हलछठ व्रत में महुआ, पसई के चावल, चना, मक्का, ज्वार, सोयाबीन, धान की लाई, भैंस का दूध तथा गोबर का विशेष महत्व माना जाता है। पर्व की परंपरा के अनुसार हलछठ की स्थापना कर विधि-विधान से पूजन किया गया। पूजा के दौरान सतगजरा सहित तेल, चूड़ी, काजल, लकड़ी की ककई, बांस की टुकनिया, आईना, छोटी-छोटी डबली, नारियल, केला और ककड़ी सहित विभिन्न सामग्री अर्पित की गई। पूजन के दौरान महिलाओं ने हलछठ से जुड़ी प्रचलित धार्मिक कथाएं सुनीं और कथा का वाचन किया। महिलाओं ने बताया कि यह व्रत पुत्रों की लंबी आयु और उनके जीवन में सुख-समृद्धि की कामना से किया जाता है। पूरे दिन महिलाओं में व्रत को लेकर उत्साह देखने को मिला। मोहल्लों में महिलाएं समूहों में बैठकर पूजन करती रहीं और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पर्व मनाया। हलछठ व्रत में हल से जुड़ी कृषि उपज का सेवन नहीं करने की परंपरा है। पूजा-अर्चना के बाद व्रत रखने वाली महिलाओं ने महुआ की चाय तथा पसई के चावल का सेवन किया। वहीं कुंवारी कन्याओं को भी बांस की टोकनी में लाई, नारियल, महुआ, चना, सोयाबीन, धान की लाई आदि प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। प्रसाद वितरण के दौरान महिलाओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया।

पूजा सामग्री की बिक्री से बाजार में रही चहल-पहल



हलछठ पर्व को लेकर नगर के बाजारों में भी सुबह से ही चहल-पहल देखने को मिली। दुकानों पर पसई चावल, महुआ, लाई, चना, सोयाबीन सहित हलछठ पूजन में उपयोग होने वाली विभिन्न सामग्री की बिक्री हुई। महिलाओं ने सुबह से ही बाजार पहुंचकर पूजन सामग्री खरीदी। पर्व को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में महिलाएं नगर पहुंचीं, जिससे बाजार में दिनभर रौनक बनी रही। नगर के विभिन्न हिस्सों में महिलाओं ने पारंपरिक तरीके से हलछठ की स्थापना कर सामूहिक पूजन किया। व्रत और पूजन के दौरान महिलाओं ने अपने पुत्रों की लंबी आयु, उत्तम स्वास्थ्य और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। धार्मिक आस्था और पारंपरिक रीति-रिवाजों से जुड़े इस पर्व के कारण पूरे नगर में दिनभर श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना रहा।

नई पीढ़ी तक पहुंच रही परंपरा

हलछठ पर्व के माध्यम से नगर में पुरानी धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराएं नई पीढ़ी तक पहुंच रही हैं। घरों में व्रत और पूजा की तैयारियों के दौरान बच्चे भी अपनी माताओं और परिवार की बुजुर्ग महिलाओं के साथ पूजन सामग्री एकत्रित करने और अन्य व्यवस्थाओं में सहयोग करते नजर आए। बुजुर्ग महिलाओं ने बताया कि आधुनिक समय में जीवनशैली तेजी से बदल रही है, लेकिन हलछठ जैसे पारंपरिक पर्व हमारी संस्कृति और सामाजिक परंपराओं को जीवित रखने का काम करते हैं। ऐसे अवसरों पर परिवार की महिलाएं एक साथ बैठती हैं, पूजा करती हैं, कथा सुनती हैं और बच्चों को पर्व के महत्व की जानकारी देती हैं। इससे आने वाली पीढ़ी अपनी पारंपरिक संस्कृति और रीति-रिवाजों से जुड़ी रहती है।

कांग्रेस नेता सुरेंद्र रघुवंशी ने प्रदेश सरकार पर साधा निशाना

सिरोंज के साथ फिर छलावा, घोषणा सिरोंज-बीना की, मंजूरी सिर्फ महलुआ -बीना-मालथौन की क्यों?

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

क्षेत्र के विकास और बेहतर सड़क कनेक्टिविटी को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। किसान कांग्रेस नेता सुरेंद्र रघुवंशी ने सोशल मीडिया के माध्यम से मध्यप्रदेश शासन द्वारा महलुआ चौराहा से बीना-मालथौन तक हाईवे निर्माण की स्वीकृति दिए जाने पर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब 17 जनवरी 2026 को विदिशा में आयोजित कार्यक्रम में सिरोंज-बीना फोरलेन की घोषणा की गई थी, तो अब स्वीकृत परियोजना में सिरोंज का नाम क्यों नहीं है। उन्होंने कहा कि जनवरी में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की मौजूदगी में सिरोंज-बीना फोरलेन को लेकर घोषणा की गई थी। इस घोषणा के बाद क्षेत्रवासियों में उम्मीद जगी थी कि वर्षों से सड़क और परिवहन सुविधाओं के मामले में पिछड़ा सिरोंज अब विकास की नई राह पर आगे बढ़ेगा। लेकिन वर्तमान में जिस मार्ग को स्वीकृति दी गई है, उसमें सिरोंज को बाहर रखा जाना क्षेत्र की जनता के साथ अन्याय और विश्वासघात है।

सत्ता में भाजपा, फिर सिरोंज के विकास में बाधा कौन ?



कांग्रेस नेता सुरेन्द्र रघुवंशी ने कहा कि सागर संसदीय क्षेत्र में लगातार चार बार से भाजपा के सांसद हैं। सिरोंज विधानसभा से विधायक भी भाजपा के है तथा प्रदेश और केंद्र दोनों जगह भाजपा की सरकार है। इसके बावजूद सिरोंज को बेहतर सड़क कनेक्टिविटी दिलाने में आखिर बाधा कौन बन रहा है। सत्ता में बैठे जनप्रतिनिधियों को इस सवाल का जवाब सिरोंज की जनता को देना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय क्षेत्र के विकास को लेकर बड़े-बड़े दावे और घोषणाएं की जाती हैं, लेकिन जब विकास कार्यों को जमीन पर उतारने की बात आती है तो सिरोंज को पीछे कर दिया जाता है। अब जनता केवल घोषणा नहीं, बल्कि घोषणा के अनुरूप धरातल पर काम चाहती है। रघुवंशी ने कहा कि हाईवे केवल सड़क नहीं होता, बल्कि यह व्यापार, रोजगार, उद्योग, कृषि और क्षेत्रीय विकास की जीवनरेखा होता है। यदि सिरोंज को प्रस्तावित फोरलेन मार्ग से बाहर रखा जाता है तो इसका सीधा असर क्षेत्र के व्यापार और आर्थिक गतिविधियों पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़क कनेक्टिविटी के अभाव में बड़े बाजारों, मंडियों और औद्योगिक क्षेत्रों तक पहुंच मुश्किल होती है। इससे क्षेत्र में निवेश की संभावनाएं कमजोर होती हैं और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सीमित रहते हैं। सिरोंज को फोरलेन से जोड़ने से न केवल आवागमन आसान होगा, बल्कि व्यापारिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी।

किसानों को भी उठाना पड़ेगा अतिरिक्त परिवहन खर्च -

सिरोंज और आसपास के हजारों किसान अपनी कृषि उपज को बड़ी मंडियों और व्यापारिक केंद्रों तक पहुंचाते हैं। बेहतर सड़क कनेक्टिविटी नहीं होने के कारण किसानों को परिवहन में अतिरिक्त समय और खर्च उठाना पड़ता है। इसका सीधा असर उनकी आमदनी पर पड़ता है।यदि क्षेत्र को फोरलेन जैसी महत्वपूर्ण सड़क परियोजना से जोड़ा जाता है तो किसानों को अपनी उपज दूसरे बाजारों तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी। इससे परिवहन लागत कम होने के साथ बाजारों तक पहुंच भी आसान होगी।

रेलवे नहीं, बड़े उद्योग नहीं और अब हाईवे से भी बाहर

सिरोंज-लटेरी क्षेत्र लंबे समय से रेलवे लाइन की मांग करता आ रहा है। क्षेत्र में बड़े औद्योगिक प्रोजेक्टों का भी अभाव है। रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं होने के कारण क्षेत्र के युवाओं को दूसरे शहरों की ओर पलायन करना पड़ता है। रघुवंशी ने कहा कि ऐसी स्थिति में सड़क कनेक्टिविटी ही क्षेत्र के विकास का महत्वपूर्ण माध्यम बन सकती है। यदि हाईवे जैसे बड़े प्रोजेक्ट में भी सिरोंज को पीछे कर दिया जाएगा तो क्षेत्र विकास की दौड़ में कैसे आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि सिरोंज को बार-बार चुनावी घोषणाओं और आश्वासन देकर बहलाया नहीं जा सकता। जनता अब घोषणा नहीं, बल्कि जमीन पर काम चाहती है। सुरेंद्र रघुवंशी ने सरकार से स्पष्ट जवाब मांगते हुए कहा कि 17 जनवरी 2026 को की गई सिरोंज-बीना फोरलेन की घोषणा का क्या हुआ। यदि उस समय सिरोंज को परियोजना में शामिल किया गया था तो अब स्वीकृत मार्ग में उसका नाम क्यों नहीं है। उन्होंने मांग की कि सिरोंज-महलुआ चौराहा-कुरवाई-बीना-मालथौन को जोड़ते हुए प्रस्तावित फोरलेन मार्ग को मूल घोषणा की भावना के अनुरूप स्वीकृति दी जाए और सिरोंज को इस महत्वपूर्ण परियोजना में शामिल किया जाए। कांग्रेस नेता सुरेन्द्र रघुवंषी ने कहा कि सिरोंज के विकास के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

व्यापारिक संस्थानों, अस्पतालों व स्कूल संचालकों को दिया फायर सेफ्टी प्रशिक्षण



सिरोंज। नगरपालिका कार्यालय में बुधवार को आगजनी की घटनाओं से बचाव एवं आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षा उपायों को लेकर फायर सेफ्टी प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में विदिशा से सिरोंज पहुंचे डिस्ट्रिक्ट कमांडर होमगार्ड मयंक जैन एवं एसडीईआरएफ की टीम ने व्यापारिक संस्थानों, निजी अस्पतालों, विद्यालयों एवं होटल संचालकों सहित विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों को आग से बचाव के उपायों की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि आगजनी की घटना कभी भी और कहीं भी हो सकती है। ऐसे में प्रत्येक संस्थान एवं घर में आवश्यक फायर सेफ्टी उपकरण उपलब्ध होना जरूरी है। सभी व्यापारिक एवं व्यावसायिक संस्थानों के लिए फायर एनओसी प्राप्त करना अनिवार्य है। संस्थान संचालकों को अपने प्रतिष्ठानों में अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ कर्मचारियों को भी इनके उपयोग की जानकारी देनी चाहिए। विदिशा से आई टीम ने उपस्थित लोगों को आग लगने की स्थिति में फायर एक्सटिंग्विशर एवं अन्य उपकरणों का सही तरीके से उपयोग करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। टीम ने बताया कि आग के प्रकार के अनुसार उसे बुझाने का तरीका भी अलग-अलग होता है। सामान्यतः लकड़ी, कोयला, कागज, कपड़ा आदि ठोस पदार्थों से लगने वाली आग को पानी अथवा उपयुक्त अग्निशमन माध्यम से नियंत्रित किया जा सकता है। पेट्रोल, तारकोल जैसे ज्वलनशील पदार्थों की आग में ऑक्सीजन की आपूर्ति रोकना तथा उचित फोम या अन्य अग्निशमन माध्यम का उपयोग करना आवश्यक होता है। इसी प्रकार एलपीजी गैस से लगी आग में गैस की आपूर्ति को सुरक्षित तरीके से बंद कर उपयुक्त फायर एक्सटिंग्विशर का उपयोग करने की जानकारी दी गई। धातु जैसे ठोस पदार्थों से लगने वाली आग के लिए विशेष रासायनिक अग्निशमन माध्यम की आवश्यकता होती है, जबकि बिजली के उपकरणों में आग लगने या शॉर्ट सर्किट की स्थिति में सबसे पहले विद्युत आपूर्ति बंद करना आवश्यक बताया गया।

आग पर नियंत्रण के लिए सामान्य उपकरणों की दी जानकारी

प्रशिक्षण में आग पर नियंत्रण के लिए उपयोग किए जाने वाले विभिन्न सामान्य उपकरणों की जानकारी भी दी गई। इनमें स्ट्रिप पम्प, फायर बीटर, लोहे की बाल्टी, रेत या बालू, सोडा-एसिड, फोम तथा निष्क्रिय गैस आधारित अग्निशमन उपकरणों के उपयोग के बारे में बताया गया। टीम ने उपस्थित संस्थान संचालकों को समझाया कि केवल उपकरण रखना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी समय-समय पर जांच और रखरखाव भी आवश्यक है, ताकि जरूरत पड़ने पर वे सही स्थिति में काम कर सकें। अधिकारियों ने कहा कि आगजनी की छोटी घटना भी लापरवाही के कारण बड़े हादसे का रूप ले सकती है। इसलिए सभी संस्थानों में आग से बचाव के लिए पर्याप्त इंतजाम, आपातकालीन निकास मार्ग और आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध रहना चाहिए।

जहां भी सेवाएं देते हैं वहां हरियाली फैला देते हैं डॉक्टर मुकेश

अनोखी पहल: रक्षा बंधन पर भी बहनों को दिए ऐसे तोहफे जो सालों तक देंगे प्यार की छांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

रक्षाबंधन पर भाई अपनी बहनों की कलाई पर राखी बंधवाकर उन्हें उपहार देते हैं। कोई कपड़े देता है तो कोई मिठाई या पसंदीदा सामान। लेकिन विदिशा के चिकित्सक और प्रकृति प्रेमी डॉ. मुकेश कुमार जाटव ने इस परंपरा को एक अलग ही अर्थ दे दिया। उन्होंने इस रक्षाबंधन पर अपनी बहनों को आगरवुड और कटहल के पौधे उपहार में दिए। उनका मानना है कि राखी का रिश्ता केवल भाई-बहन के बीच प्रेम का प्रतीक नहीं, बल्कि प्रकृति से जुड़ने का अवसर भी बन सकता है।

पौधों के प्रति डॉ. मुकेश का लगाव किसी एक त्योहार या अभियान तक सीमित नहीं है। वर्ष 2018 में मेडिकल कॉलेज के निर्माण के दौरान उन्होंने देखा कि परिसर में सीमेंट, गिट्टी और रेत के बीच कई पौधे लगाए जाने के इंतजार में सूख रहे थे। पौधों की यह स्थिति उनसे देखी नहीं गई। उन्होंने स्वयं आगे बढ़कर पौधों को जमीन में लगाना और उनकी देखभाल करना शुरू किया। समय बीतता गया और उनकी मेहनत रंग लाई। जिन पौधों को कभी सूखने से बचाया गया था, उनमें से कई आज पेड़ बन चुके हैं और आम, कटहल, आंवला व जामुन जैसे फल दे रहे हैं। कोरोना महामारी का दौर जब पूरी दुनिया के लिए बेहद कठिन था, तब डॉ. मुकेश मरीजों की सेवा के साथ पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी भी निभाते रहे। वर्ष 2020 में भोपाल मेमोरियल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में श्वास रोग विभाग में सेवा के दौरान उन्होंने पौधरोपण किया। वर्ष 2021 में कोरोना की दूसरी लहर के समय एम्स भोपाल के श्वास रोग विभाग में सेवा देते हुए भी उनका यह अभियान जारी रहा।

जहां गए, वहां हरियाली की नींव रखी



वर्ष 2025 में सतना चिकित्सा महाविद्यालय में वरिष्ठ चिकित्सक के रूप में पदस्थ रहने के दौरान भी उन्होंने महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। इसके बाद विदिशा के अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में स्थायी नियुक्ति के बाद उन्होंने अपनी जन्मभूमि को ही कर्मभूमि बना लिया। यहां उन्होंने प्रकृति प्रेमी साथियों को साथ लेकर एक टीम तैयार की और महाविद्यालय परिसर में करीब 150 से 200 सहजन के पौधे लगाए।

पढ़ाई, नौकरी के बीच भी हरियाली

वर्ष 2022 से 2025 तक गांधी चिकित्सा महाविद्यालय एवं हमीदिया चिकित्सालय भोपाल में स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा के दौरान भी उन्होंने पौधे लगाने का सिलसिला नहीं छोड़ा। कनिष्ठ चिकित्सक संगठन के संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी निभाते हुए वे सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय रहे। चित्रकूट सेवा यात्रा में विशेष चिकित्सक के रूप में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं देते हुए उन्होंने पौधरोपण का संदेश भी पहुंचाया। इस यात्रा के माध्यम से करीब 150 से 200 गांवों तक चिकित्सा सेवाएं पहुंचाने का कार्य किया गया।

सेवा और जनकल्याण के संकल्प के साथ जन जन तक पहुंचेगी भाजपा : श्याम तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से प्रारंभ होने वाले एक माह के 'सेवा संकल्प अभियान' की तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी सागर की बैठक भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा, जनकल्याण एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा कर उनके प्रभावी क्रियान्वयन की कार्ययोजना तैयार की गई। साथ ही अभियान के सुचारु संचालन के लिए जिला स्तरीय टोली का गठन कर दायित्वों का निर्धारण किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में दायित्व संभालने के बाद से लेकर प्रधानमंत्री के रूप में राष्ट्र का नेतृत्व करते हुए संवैधानिक पद पर जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण किए हैं। सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और राष्ट्रहित को समर्पित उनकी यह 25 वर्षीय यात्रा जनसेवा के प्रति उनके अटूट संकल्प की प्रेरक अभिव्यक्ति है। इसी भाव को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 'सेवा संकल्प अभियान' को व्यापक स्वरूप दिया जाएगा। तिवारी ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जकल्याण कारी योजनाओं ने गरीब, किसान, महिला, युवा सहित समाज के प्रत्येक वर्ग के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया है। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ता सेवा कार्यों के साथ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क करेंगे तथा पात्र नागरिकों तक योजनाओं की जानकारी एवं उनका लाभ पहुंचाने में सहयोगी की भूमिका निभाएंगे।

नशे के ओवरडोज से युवक की मौत, हाथ में लगी मिली सिरिंज

तखतमल कॉलोनी में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला शव, युवक रायसेन जिले का निवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



शहर में नशे का कारोबार युवाओं की जिंदगी पर भारी पड़ता नजर आ रहा है। नशे के खिलाफ पुलिस की लगातार कार्रवाई के बीच बुधवार को तखतमल कॉलोनी में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया। मृतक के हाथ में सिरिंज लगी मिली, जिससे प्रथम दृष्टया मामला नशे के ओवरडोज से जुड़ा माना जा रहा है।

मृतक की पहचान रायसेन जिले के संग्रामपुर गांव निवासी विकास दांगी (30) पिता शिवराज दांगी के रूप में हुई है। बताया गया है कि विकास वर्तमान में विदिशा के पुरनपुरा क्षेत्र में रहकर छोटे-मोटे काम करता था। वह नशे का आदी था और अपनी नशे की खुराक पूरी करने के लिए मजदूरी सहित अन्य छोटे काम करता था। बुधवार को तखतमल कॉलोनी में युवक का शव मिलने की सूचना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंचे लोगों ने उसे मृत अवस्था में देखा। उसके हाथ में सिरिंज लगी हुई थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। घटना के बाद शहर में नशीले पदार्थों की उपलब्धता को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हुए हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। युवक ने किस पदार्थ का सेवन किया था और मौत वास्तव में ओवरडोज से हुई या इसके पीछे कोई अन्य कारण है, इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगा। पुलिस युवक के संपर्क में रहने वाले लोगों और घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जानकारी जुटा रही है।

नगर परिषद बिलहरा में आज होगा जनसंवाद कार्यक्रम

सागर। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत आम जनता की शिकायतों के त्वरित निराकरण, शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की मॉनिटरिंग और लोक सेवाओं को समय-सीमा में प्रदाय करने के उद्देश्य से 3 सितंबर को नगर परिषद बिलहरा में जनसंवाद कार्यक्रम एवं समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में नागरिकों की समस्याओं को सुना जाएगा एवं मौके पर ही उनका निराकरण किया जाएगा। कार्यक्रम में कलेक्टर प्रतिभा पाल सहित जिला एवं ब्लॉक स्तर के सभी प्रमुख अधिकारी शामिल होंगे, जो मौके पर ही समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करेंगे। इस कार्यक्रम में नागरिक शामिल होकर अपनी शिकायतें और सुझाव सीधे अधिकारियों के समक्ष दर्ज करा सकते हैं। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत नगर परिषद सुरखी एवं बिलहरा का कार्यक्रम नगर परिषद, बिलहरा में आयोजित किया जाना निर्धारित है। प्रशासन द्वारा नगर परिषद सुरखी एवं बिलहरा के क्षेत्रवासियों से अपील की गई है कि वे 03 सितंबर को आयोजित होने वाले इस शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपने आवेदन दें और शासन की विभिन्न लोक-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं।

जन्माष्टमी पर होगा मटकी फोड़ आयोजन: कुरवाई।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर 5 सितंबर को शाम 6 बजे बस स्टैंड परिसर में मटकी फोड़ प्रतियोगिता होगी। आयोजक अंकित सप्रे ने बताया कि विधायक प्रतिनिधि एवं जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सीताराम सैनी एवं वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद इलियास मोहम्मद ने सीएमओ गीता मांझी को ज्ञापन सौंपा। वहीं एल्डरमेन वरुण चौबे ने भी साफ-सफाई, पार्किंग एवं यातायात दुरुस्त कराने मांग की है।

विपणन सहकारी संस्था मर्यादित, नटेरन मुख्यालय शमशाबाद जिला-विदिशा (म.प्र.)

पंजीयन क्रमांक- ए. आर. वी.डी.एस-547/दिनांक 3/7/1996

सूचना पत्र

वार्षिक आमसभा सूचना 2026-27

विपणन सहकारी समिति मर्यादित नटेरन के समस्त प्रप्यायुक्त (व्यक्गित) एवं सहकारी अंशधारी संस्थाओं को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक आमसभा का अयोजन दिनाँक 18.09.2026 दिन शुक्रवार को दोपहर 1.00 बजे संस्था कार्यालय भवन शमशाबाद में अयोजित की गयी हैं। जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय हैं। गणपूर्ति (कोरम) के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित आमसभा की बैठक पुनः उसी दिन उसी स्थान पर आधे घंटे पश्चात प्रारंभ की जावेगी। जिसमें गणपूर्ति की आवश्यकता नहीं होगी।

गजेन्द्र सिंह — समिति प्रबंधक

नितिन राव — प्रशासक

बहु.उ.प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. सांकलखेड़ा खुर्द, जिला विदिशा (म.प्र.)

पंजीयन क्रमांक 549 दिनांक 11.03.1957 दिनांक : 02/09/2026

// वार्षिक आमसभा सूचना पत्र //

बहु.उ. प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सांकलखेड़ा खुर्द के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है साधारण सभा दिन गुरूवार दिनांक 17/09/2026 को दोपहर 1.00 बजे स्थान समिति भवन सांकलखेड़ा खुर्द में आयोजित की गई है। गणपूर्ति (कोरम) के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर 1/2 घण्टे पश्चात होगी। जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी। बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

एंजिल चेरियन — समिति प्रबंधक, बहु.उ. प्रा.कृ.सा.सह . समिति मर्या. सांकलखेड़ा खुर्द

किशोर कुमार अहरवाल — प्रशासक, बहु.उ. प्रा.कृ.सा.सह. समिति मर्या. सांकलखेड़ा खुर्द

कार्यालय प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित, पौआनाला

पंजीयन क्रमांक-327 दिनांक 15-11-1988 दिनांक.02/09/2026

वार्षिक आमसभा

प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित, पौआनाला के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है, कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा की बैठक दिनांक 16/09/2026 दिन बुधवार को समय 11:00 बजे स्थान समिति कार्यालय भवन, हलाली नर्सरी सलूस पर रखी गई है। अतः समिति के समस्त सदस्यों से अनुरोध है कि उक्त समय पर बैठक में उपस्थित होने का कष्ट करें।

निर्धारित समय में कोरम के अभाव में आधे घण्टे बाद पुनः बैठक आरम्भ की जायेगी, जिसमें गणपूर्ति होना आवश्यक नहीं होगा। आमसभा के विषय समस्त सदस्यो को भेज दिये गया है।

प्रबंधक — हल्केराम विश्वकर्मा

अध्यक्ष — कोमल सिंह मीना

प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित पौआनाला, जिला विदिशा (म.प्र.)

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कोलुआ धामनोद (शाखा हैदरगढ़) जिला विदिशा

पंजीयन क्रमांक 448/10/12/1992 जारी दिनांक 02.09.2026

:: साधारण आमसभा ::

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कोलुआ धामनोद शाखा हैदरगढ़ के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति वार्षिक आमसभा दिन मंगलवार, दिनांक 15.09. 2026 को दोपहर 01 बजे समिति कार्यालय भवन में आयोजित की गई है। गणपूर्ति कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधे घंटा पश्चात होगी। समस्त सदस्यों को साधारण डाक से सूचना दी गई है। बैठक में आपकी उपस्थिति प्राथनीय है।

प्रशासक — के.सी. यादव — बी-पैक्स कोलुआ धामनोद

प्रबंधक — प्रकाश यादव — बी-पैक्स कोलुआ धामनोद

जिला जेल पठारी से भागने की कोशिश कर रहा था , जेल अधीक्षक निलंबित

जेल से बाहर फल लेने आए बंदी ने आरक्षक को देसी कट्टे से मारी गोली, भोपाल रेफर



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

बुधवार सुबह करीब 9 बजे जिला जेल पठारी में एक हत्या के एक मामले में निरुद्ध बंदी नीलेश ठाकुर ने जेल गेट पर ड्यूटी कर रहे आरक्षक दिग्विजय सिंह तोमर को कथित तौर पर अवैध देसी कट्टे से गोली मार दी। गोली आरक्षक की कमर के नीचे लगी । गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल रायसेन लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने गंभीर हालत में एम्स अस्पताल भोपाल रेफर कर दिया। डॉ अभिषेक सागर ने बताया कि गोली आरक्षक दिग्विजय सिंह के एक्सरे रिपोर्ट में फेफड़ों के नीचे धंसी थी। घटना के बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों में भी अफरा-तफरी मच गई। पुलिस बल के साथ अधिकारी जिला अस्पताल और जिला जेल पठारी पहुंचे और घटनाक्रम की जानकारी ली। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरु की। इस अवसर पर कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा एसपी आशुतोष गुप्ता, एएसपी दीपक नायक अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय,एसडीएम मनीष शर्मा, तहसीलदार भरत सिंह मंडले, टीआई नरेंद्र गोयल आदि जिला जेल पठारी पहुंचे। इस दौरान अधिकारियों ने निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया।

जेल के अंदर हथियार पहुंचने पर उठे सवाल

जेल के अंदर हुए इस घटनाक्रम के बाद सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिला जेल पठारी में निरुद्ध बंदी नीलेश ठाकुर के पास देशी कट्टा कैसे पहुंचा? जेल की हाईटेक सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद हथियार बंदी तक पहुंचना जेल प्रशासन के पुलिस कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि हथियार जेल परिसर में कब और किसके माध्यम से पहुंचा। जेल प्रबंधन को पिछले एक हफ्ते में बंदी नीलेश ठाकुर से मुलाकात करने आने वाले परिचितों परिजनों के रजिस्टर में दर्ज रिकॉर्ड खंगालना चाहिए। पूरे मामले में जेल प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों की निगरानी और जेल में आने-जाने वाली वस्तुओं की जांच भी जांच के दायरे में आ सकती है। हालांकि, जेल प्रबंधन की भूमिका को लेकर लगाए जा रहे आरोपों की आधिकारिक पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी। ऐसे हालात में जेल की सलाखों में कैद बंदियों की जान भी सुरक्षित नहीं है।



हत्या और जानलेवा हमले समेत कई मामले दर्ज

गोली चलाने के आरोपी बंदी नीलेश ठाकुर के खिलाफ हत्या, मारपीट और जानलेवा हमले समेत कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज बताए जा रहे हैं। उसके खिलाफ बरेली थाने सहित अन्य थाना क्षेत्रों में भी प्रकरण दर्ज होने की जानकारी सामने आई है। आरोपी थाना बरेली के दिमाड़ा निवासी है। बुधवार को सुबह जिला जेल में कॉन्वेंट स्कूल रायसेन के बच्चों का रक्षाबंधन पर्व का कार्यक्रम होना था। इसीलिए वह जेल के गेट पर फलों की टोकनी लेने पहुंचा और गोली फायर की घटना को अंजाम दिया। जेल प्रबंधन के जिम्मेदारों के मुताबिक देशी कट्टा और दो तीन कारतूस आरोपी ने पहले से ही कहीं छिपाकर रखे थे। मौका पाकर आरोपी नीलेश ठाकुर ने जेल आरक्षक दिग्विजय तोमर पर देशी कट्टे से फायर कर दिया। गोली लगते ही जेल आरक्षक जमीन पर गिर पड़ा। फायरिंग की आवाज सुनकर जेल प्रहरियों द्वारा आरोपी कैदी को पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि पठारी क्षेत्र में भी आरोपी पर एक युवक की गोली मारकर हत्या करने का मामला कोतवाली थाने दर्ज है। आरोपी नीलेश ठाकुर ने एक युवक के गुप्तांग में गोली मारकर उसकी नृशंस हत्या कर दी थी।

पहले भी विवादों में रहा है पठारी जेल

जिला जेल पठारी पहले भी कई घटनाओं को लेकर चर्चा में रही है। सूत्रों के अनुसार पिछले करीब दो दशक में जेल के अंदर बंदियों और महिला बंदी द्वारा संदिग्ध परिस्थितियों में आत्महत्या किए जाने के मामले सामने आ चुके हैं। इन घटनाओं के बाद परिजनों ने जेल प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठाए थे।अब जेल के गेट पर आरक्षक को गोली मारे जाने की घटना ने एक बार फिर जेल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे अहम जांच यह होगी कि जेल में हथियार पहुंचा कैसे और क्या सुरक्षा जांच में किसी स्तर पर लापरवाही हुई। दोपहर बाद जेल प्रशासन भोपाल के आईजी अरविंद पांडे ने भी जिला जेल पठारी का निरीक्षण कर घटनाक्रम की जानकारी हासिल की।

जिला जेल के कार्यवाहक अधीक्षक आरके चौरे निलंबित

जिला जेल रायसेन में हुए गोलीकांड के बाद जेल मुख्यालय भोपाल ने बड़ी कार्रवाई की है। जिला जेल के कार्यवाहक अधीक्षक आरके चौरे को निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई जेल परिसर के भीतर बंदी तक देशी कट्टा पहुंचने और उससे जेल प्रहरी पर फायरिंग होने की घटना को सुरक्षा में बड़ी चूक माना गया। इसी मामले में जेल मुख्यालय भोपाल ने कार्यवाहक अधीक्षक के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की है। निलंबन अवधि के दौरान जेलर आरके चौरे का मुख्यालय जिला जेल भोपाल रहेगा। अब मामले में आगे की प्रशासनिक कार्रवाई और जांच के बाद अन्य जिम्मेदारियों को लेकर भी स्थिति स्पष्ट हो सकती है।

इनका कहना है

आरोपी नीलेश ठाकुर पर पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज कर लिया है। जेल के अंदर हुई घटना की जांच जेल प्रशासन भोपाल के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की जा रही है।

- आशुतोष गुप्ता, एसपी रायसेन

जेल में गोली चलने के मामले में प्रारंभिक जांच रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को सौंप दी है। फिलहाल जेल अधीक्षक रामकृष्ण चौरे को निलंबित किया गया है। आगे की कार्रवाई विस्तृत जांच के बाद होगी। जेल विभाग भी अपने स्तर पर जांच कर रहा है।

- मनीष शर्मा, एसडीएम रायसेन।

ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा पंचनामा

सालेरा पंचायत में सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव, 16 में से 13 पंचों ने किया अनुमोदन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जनपद पंचायत सांची के नजदीक की ग्राम पंचायत सालेरा में सरपंच के खिलाफ अविश्वास की चिंगारी अब प्रशासनिक चौखट तक पहुंच गई है। नाराज सैकड़ों ग्रामीण तहसील कार्यालय पहुंचे और एसडीएम मनीष शर्मा को सरपंच खुमान सिंह आदिवासी के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए अविश्वास प्रस्ताव पारित होने का आवेदन सौंपते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने सरपंच खुमान सिंह और पंचायत सचिव हिम्मत सिंह पर लाखों करोड़ों के विकास कार्यों की राशि हड़पने संबंधी भ्रष्टाचार समेत कई गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों के अनुसार पंचायत भवन में आयोजित बैठक में 16 पंचों में से 13 पंच उपस्थित हुए। पंचों ने सरपंच खुमान सिंह को पद से हटाने के लिए सर्वसम्मति से अविश्वास प्रस्ताव का अनुमोदन किया। इसके बाद पंचनामा तैयार कर ग्रामीणों और पंचों ने तहसील कार्यालय परिसर पहुंचकर एसडीएम मनीष शर्मा को सौंपा।

एसडीएम बोले- आरोप सही मिले तो होगी कार्रवाई

आवेदन मिलने के बाद एसडीएम मनीष शर्मा ने ग्रामीणों को मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सरपंच और सचिव पर लगाए गए आरोपों की जांच कराई जाएगी। जांच में आरोप सही पाए जाने पर नियमानुसार हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

लाखों करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार के लगाए आरोप

ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच खुमान सिंह आदिवासी और पंचायत सचिव हिम्मत सिंह लोधी की मिलीभगत से पंचायत में भ्रष्टाचार कर लाखों करोड़ों रुपए की राशि निकाली गई है। आरोप है कि पंचायत के विकास कार्यों में अनियमितताएं की गईं और कई काम केवल कागजों में पूरे दिखाए गए। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायतों के बावजूद अब तक जिम्मेदारों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि सरपंच और सचिव पंचायत के कार्यक्रमों और बैठकों में नियमित रूप से मौजूद नहीं रहते। इससे पंचायत के कामकाज में पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई और खुमान सिंह सरपंच को पद से हटाने की मांग की है।

सर्वार्थ सिद्धि एवं रवि योग में श्रद्धाभक्ति के माहौल में मनाई गई हल षष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर में बुधवार को भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि पर हादसा का व्रत त्यौहार महिलाओं ने उत्साह पूर्वक मनाया बाजार में महिलाओं ने पूजन सामग्री की दुकानों से खरीदी की। हल षष्ठीका पर्व पारंपरिक उल्लास व श्रद्धाभक्ति के माहौल में ससर्वार्थ एवं रवि योग में धूमधाम से मनाया। पूजन के मिट्टी के दीपक, खिलौने फल आवश्यक वस्तुओं को रखकर पूजन की। धर्मशास्त्री पंडित ओमप्रकाश शुक्ला राममोहन चतुर्वेदी ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान श्री कृष्ण के बड़े भाई बलराम जी के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस दिन हल से जुड़े अनाज और सब्जियों का उपयोग नहीं किया जाता। महिलाओं ने व्रत रखकर पूजन की, संतान की दीर्घायु की कामना की।

जनसुनवाई में शिकायत के बाद जमुनिया गांव में दबिश, नहीं मिला कोई अवैध शराब का जखीरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

सांची विकासखंड के ग्राम जमुनिया में ग्रामीणों द्वारा अवैध तरीके से शराब बिकने की शिकायत के बाद बुधवार को आबकारी विभाग और दीवानगंज पुलिस चौकी प्रभारी सुनील शर्मा की संयुक्त टीम ने गांव में तलाशी अभियान चलाया। ग्रामीणों द्वारा जनसुनवाई में कलेक्टर को आवेदन देकर गांव में अवैध शराब बिक्री की शिकायत किए जाने के बाद प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के निर्देश दिए थे। इसी के तहत बुधवार को आबकारी विभाग और दीवानगंज चौकी पुलिस की टीम जमुनिया गांव पहुंची और संदिग्ध स्थानों पर तलाशी ली। टीम ने गांव में काफी देर तक जांच-पड़ताल की, लेकिन इस दौरान न तो कोई अवैध शराब बरामद हुई और न ही किसी व्यक्ति को शराब के साथ पकड़ा गया। जांच के बाद आबकारी विभाग की टीम ने ग्रामीणों से चर्चा की और मौके पर पंचनामा तैयार किया। पंचनामा में ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में गांव में किसी भी स्थान पर शराब की बिक्री नहीं हो रही है। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि वे भविष्य में अपने गांव में अवैध शराब की बिक्री नहीं होने देंगे और यदि कोई व्यक्ति शराब बेचने का प्रयास करता है तो उसका विरोध किया जाएगा तथा इसकी सूचना संबंधित विभाग को दी जाएगी। जनसुनवाई में शिकायत के बाद हुई इस कार्रवाई से गांव में अवैध शराब बिक्री के मामले को लेकर प्रशासन की सक्रियता सामने आई है। हालांकि तलाशी के दौरान कोई शराब नहीं मिलने के बाद फिलहाल कार्रवाई किसी जब्ती या प्रकरण तक नहीं पहुंची।



भगवान हलधर बलराम जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा, जगह-जगह किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

भगवान बलरामजी के जन्मोत्सव के अवसर पर बुधवार को दोपहर रायसेन में जिला धाकड़-किरार क्षत्रिय समाज की ओर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। मुखर्जी नगर स्थित शिवोम तीर्थ हायर सेकेंडरी स्कूल से शुरू हुई किरार धाकड़ समाज के आराध्यदेव भगवान बलराम की पूजा अर्चना के पश्चात शोभायात्रा डीजे बैंडबाजे ढ़ोलनगाड़ों के बीच शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए आगे बढ़ी। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भंवर लाल पटेल, सुभाष धाकड़, मिट्ठू लाल धाकड़, महेश धाकड़, अभिनव भदरेटिया बड़ी संख्या में किरार पटेल धाकड़ समाजजन शामिल हुए। शोभायात्रा में खुले ट्राले में सजी श्री राधा-रूक्मणी कृष्ण की आकर्षक झांकी लोगों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रही। झांकी के दर्शन के लिए रास्ते में लोगों की भीड़ नजर आई। धार्मिक गीतों और जयकारों से शहर का माहौल भक्तिमय हो गया।

सागर रोड समेत प्रमुख मार्गों से गुजरी यात्रा

शोभायात्रा मुखर्जी नगर से शुरू होकर सागर रोड सहित सागर भोपाल तिराहे से लेकर शहर के प्रमुख मार्गों से निकली। रास्ते में समाज के लोगों और श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा का उत्साह के साथ जगह जगह फूल बरसाकर स्वागत किया। कई स्थानों पर पुष्पवर्षा कर भगवान बलराम और राधा-कृष्ण की झांकी के दर्शन किए गए। समाजजन पारंपरिक वेशभूषा में शोभायात्रा में शामिल हुए। युवाओं और महिलाओं की भी बड़ी संख्या में भागीदारी रही। जगह-जगह स्वागत के चलते शोभायात्रा का माहौल उत्सव में बदल गया। शोभायात्रा के दौरान भगवान बलरामजी के जयकारों से शहर का वातावरण गूंजता रहा।



क्षेत्र में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई

पुलिस की कार्रवाई, चोरी का ट्रैक्टर किया बरामद, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी



क्षेत्र में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार सक्रिय नजर आ रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक संजीत परते के मार्गदर्शन और जैथारी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक सुनील सिंह भदौरिया के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में जैथारी चौकी पुलिस ने ट्रैक्टर चोरी के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गया करीब 7.50 लाख रुपए कीमत का आयसर 548 ट्रैक्टर बरामद किया है। पुलिस के अनुसार ग्राम बीकलपुर निवासी संजू रघुवंशी का आयसर 548 ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 38 जेड सी 1253 बीकलपुर वेयरहाउस के पास खड़ा था। इसी दौरान अज्ञात चोर ट्रैक्टर को चोरी कर ले गया। ट्रैक्टर में कल्टीवेटर भी लगा हुआ था। शिकायत मिलने के बाद थाना सिलवानी में दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक रायसेन आशुतोष गुप्ता के निर्देशन एवं एसडीओपी सिलवानी कुंवर सिंह मुकाती के मार्गदर्शन में पुलिस टीम गठित की गई। थाना प्रभारी संजीत परते के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी सुनील सिंह भदौरिया ने टीम के साथ आसपास के क्षेत्रों और जंगल में लगातार तलाश की। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र की भी मदद ली। पुलिस को सफलता 1 सितंबर की रात करीब 1 बजे मिली, जब जंगल क्षेत्र से चोरी गया ट्रैक्टर बरामद कर लिया गया। पुलिस ने ट्रैक्टर ले जा रहे राहुल अहिरवार 20 साल निवासी रैपुरा और राजेन्द्र अहिरवार 18 साल निवासी चुन्हेटिया को गिरफ्तार किया। मामले में मनोज अहिरवार निवासी रैपुरा फरार है, जिसकी तलाश जारी है। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। थाना प्रभारी संजीत परते और जैथारी चौकी प्रभारी सुनील सिंह भदौरिया, सउनि परसराम सरलाम, प्रधान आरक्षक प्रेम सिंह राजपूत, आरक्षक विनय कुमार, आरक्षक सोहरत उइके तथा सैनिक शुभम राजपूत का भी सराहनीय योगदान रहा।